आगरा नगर निगम

6375

आवासीय एवं अनावासीय भवनों का

सम्पत्ति कर

स्वयं निर्धारित करें

द्वितीय संस्करण

मूल्यः
रु. 20/-
मात्र

इन्द्रजीत आर्य
महापौर

आगरा नगर निगम
आगरा
कार्यालय : 0562-2854493
निवास : 0562-2210410
फैक्स : 0562-2210410
मोबा० : 9412258835
ई-मेल : mayoragra7@gmail.com

सन्देश

"आवासीय एवं अनावासीय भवनों का सम्पत्ति कर स्वयं निर्धारित करें" पुस्तिका आगरा नगर के नागरिकों को समर्पित करते हुए हमें अपार प्रसन्नता हो रही है। उक्त व्यवस्था लागू होने के फलस्वरूप किसी आवासीय एवं अनावासीय भवन के स्वामी/अध्यासी को अपनी सम्पत्ति पर देय भवन कर निर्धारित कराने नगर निगम आने की आवश्यकता नहीं रह गई है। अब यह विकल्प सभी नागरिकों को उपलब्ध है कि वे अपने आवासीय एवं अनावासीय भवनों के कर का आंकलन स्वयं कर लें और उसे नगर निगम के सम्बन्धित जोन कार्यालय में जमा कर दें। स्व–कर निर्धारण की प्रक्रिया तथा भवन कर जमा करने हेतु जोनवार एवं ब्लॉक वार मासिक किराया दर का स्पष्ट विवरण पुस्तिका में उपलब्ध है। यह पुस्तिका यथासम्भव कर निर्धारण से सम्बन्धित सभी जिज्ञासाओं को समाधान करेगी। आगरा शहर के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वह अपने भवन के सम्बन्ध में सही–सही तथ्यात्मक सूचना आवासीय भवनों के लिए स्व–कर प्रपत्र "क" पर तथा अनावासीय भवनों के लिए स्वकर प्रपत्र–"ग" अंकित करें।

नगर निगम की ओर से नागरिकों को स्व–कर निर्धारण सम्बन्धी अधिकृत सूचनायें संकलित रूप में मिल जाये और 'कर की गणना' की जिज्ञासाओं का समाधान हो जाये, ऐसी पुस्तिका " आवासीय एवं अनावासीय भवनों का सम्पत्ति कर स्वयं निर्धारित करें" के प्रकाशन के लिए श्री इन्द्र विक्रम सिंह नगर आयुक्त तथा श्री अनिल कुमार उप नगर आयुक्त सराहना के पात्र हैं।

हमें आशा है कि यह पुस्तिका आगरा नगर निगम के क्षेत्र में निवास करने वाले

इन्द्रजीत आर्य
महापौर

भूमिका

उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 के अधीन उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) **नियमावली 2000 यथा संशोधित 2002** इस उद्देश्य से लागू किया गया था कि नगर निगम के राजस्व का प्रमुख स्त्रोत सम्पत्ति कर के निर्धारण में वस्तुनिष्ठ एवं निश्चित मापदण्ड अपनाते हुए पारदर्शिता लायी जा सके। अब तक प्रत्येक भवन स्वामी / अध्यासी के लिए यह विकल्प उपलब्ध था कि वह केवल अपने **आवासीय भवन** की स्वयं माप कर, ब्लॉक वार निर्धारित प्रति **वर्ग फुट** मासिक किराया दर के आधार पर भवन कर की गणना करे तथा निर्धारित प्रारूप **''प्रपत्र–क''** पर इसका ब्यौरा अंकित करके नगर निगम में स्वयं ही भवन कर जमा कर दे। अब उ.प्र. शासन द्वारा **''उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2013''** इस उद्देश्य से पारित किया गया है कि **अनावासीय उपयोग** में आने वाले सभी प्रकार के भवन एवं भूमि (वाणिज्यिक कॉम्पलेक्स, दुकानें, प्रतिष्ठान, बैंक, होटल, कोचिंग, क्लीनिक डायग्नोस्टिक केन्द्र, पैथालोजी लेब, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, मेडिकल स्टोर, जिम, थियेटर, सिनेमागृह, छात्रावास, शैक्षणिक संस्थान, पेट्रोल पम्प, गैस ऐजन्सी, डिपो, गोदाम, माल्स, पब्स बार, सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप, विवाह क्लब, लॉन औद्योगिक इकाइयाँ सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रम, टावर व होर्डिंग वाले भवन, टी.वी. टावर दूरसंचार टावर इत्यादि) के स्वामी/ अध्यासी भी अपने **अनावासीय भवनों के आच्छादित क्षेत्रफल (Covered Area), ब्लॉक वार निर्धारित प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर** तथा नियमावली द्वारा निर्धारित **मासिक किराया दर के गुणांक (Multiple)** के आधार पर **''प्रपत्र–ग''** पर अपने अनावासीय भवन के वार्षिक मूल्य **(Annual Value)** तथा उस पर देय **सामान्य–कर (गृह–कर), जलकर तथा सीवर कर** की गणना स्वयं करते हुए नगर निगम के सम्बन्धित जोनल कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। अब नगर निगम द्वारा भवन कर आरोपण केवल उसी दशा में किया जायेगा जब भवन स्वामी स्वकर निर्धारण के विकल्प का प्रयोग नहीं करेगा अथवा **''प्रपत्र–क'' / ''ग''** में गलत सूचनाएं भरकर गलत वार्षिक मूल्य निर्धारित करके करापवंचन करेगा।

आवासीय के साथ–साथ अनावासीय भवनों को भी स्वकर निर्धारण की परिधि में लाने हेतु उ.प्र. शासन के नगर विकास अनुभाग–9 द्वारा दिनांक 27 दिसम्बर 2013 को अधिसूचना निर्गत किए जाने के फलस्वरूप स्वकर निर्धारण से सम्बन्धित समस्त सूचनायें **''आवासीय एवं अनावासीय भवनों का सम्पत्ति कर स्वयं निर्धारित करें''** एक पुस्तिका के रूप में संकलित कर प्रकाशित की जा रही है। आशा है कि यह पुस्तिका नागरिकों के लिए **आवासीय** एवं **अनावासीय भवन** दोनों का वार्षिक मूल्य स्वयं निर्धारण करने में उपयोगी और सहायक सिद्ध होगी तथा सभी प्रकार के जिज्ञासाओं का समाधान करेगी। यदि **'स्वकर निर्धारण'** में कोई कठिनाई या जिज्ञासा हो तो उसके निवारण एवं समाधान हेतु नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों एवं सम्बन्धित जोनल अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए गृह–कर ऑन लाइन भुगतान से किए जाने का विस्तृत विवरण इस पुस्तिका में अंकित किया गया है। इसी प्रकार नागरिकों की सुविधा के लिए गृहकर जमा किए जाने हेतु, **भवनों के नामान्तरण (म्यूटेशन) की प्रक्रिया**, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रारम्भ की गयी एकीकृत नियत्रण प्रणाली तथा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने हेतु संचालित की जा रही योजना जो नागरिकों के लिए अत्यन्त उपयोगी होगी।

अनिल कुमार
उप नगर आयुक्त

इन्द्र विक्रम सिंह
नगर आयुक्त

नगर निगम, आगरा फोन : 0562-2850670, 2520616; फैक्स : 2850499

विवरणिका

उत्तर प्रदेश सरकार

नगर विकास अनुभाग-9

संख्या: 1435 / 9-9-2000-63-ज / 95-टी.सी.

लखनऊ: दिनांक 29 अप्रैल, 2000

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश नगर निगम, अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-2 सन् 1959) की धारा 174, 207-क, 221-ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं जिसे उक्त अधिनियम की धारा–540 की उपधारा (2) के अपेक्षानुसार सरकारी अधिसूचना संख्या–1763-नौ-9-1999-63-ज / 95 टी.सी. दिनांक 16.6.1999 के अधीन पहले प्रकाशित किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश नगर निगम, अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1959) की धारा 174, 207-क, 207-ख, 208, 209, 210, 211, 212, 213, 214 और 221-ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 का संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं।)

उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000

(प्रथम संशोधन नियमावली 2002)

(नगर विकास अनुभाग–7 की अधिसूचना सं. यू.ओ. 204 / 9-7 2002-63ज / 95 टी.सी. दिनांक 10 जनवरी, 2003 द्वारा संशोधित उ.प्र. नगर निगम (सम्पत्ति कर) (प्रथम संशोधन नियमावली 2002)

संक्षिप्त नाम विस्तार और प्रारम्भ–

1. (1) यह नियमावली, उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली (प्रथम संशोधन 2002) कही जायेगी।

   (2) यह उत्तर प्रदेश के समस्त नगर निगमों में स्थित भवनों पर लागू होगी।

   (3) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

2. इस नियमावली में जब तक कि कोई बात विषय या सन्दर्भ के प्रतिकूल न हो,–

   (क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 से है;

   (ख) ''भवनों का समूह'' का तात्पर्य नियम–4 के अधीन उल्लिखित भवनों के समूह से है;

   (ग) ''भू समूह'' का तात्पर्य नियम–4 के अधीन उल्लिखित भूमि के समूह से है;

   (घ) ''कच्चा भवन'' का तात्पर्य ऐसे भवन से है जो पक्का भवन नहीं है;

   (ङ) ''अधिसूचित बैंक'' का तात्पर्य के साथ कर की धनराशि को जमा करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा अधिसूचित बैंक या बैंकों से है;

   (च) ''सम्पत्ति'' का तात्पर्य यथास्थिति, किसी भवन या भूमि या दोनों से है;

   (छ) ''पक्का भवन'' का तात्पर्य ऐसे भवन जिसकी दीवार ईंट या पत्थर या ऐसी ही किसी अन्य सामग्री से निर्मित हो, से है;

   (ज) ''स्व–कर निर्धारण'' का तात्पर्य किसी स्वामी या अध्यासी द्वारा इस नियमावली के संलग्न प्रपत्र ''क'' में दाखिल किये जाने वाले स्वत. निर्धारण विवरण से है।

   (झ) ''कारपेट एरिया'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण (एक) में निर्दिष्ट कारपेट एरिया से है।

(ञ) ''आच्छादित क्षेत्रफल'' का तात्पर्य कुर्सी क्षेत्र के ऊपर जिस पर भवन निर्मित है के प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्र से है।

(ट) ''वार्षिक मूल्य'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 174 के अधीन निर्दिष्ट वार्षिक मूल्य से है।

(ठ) ''मासिक किराया दर'' का तात्पर्य नियम 4-ख के अनुसार नगर आयुक्त द्वारा विहित, यथास्थिति, भवनों या भूमि के कारपेट एरिया के प्रति वर्गफुट से है।

(ड) ''आवासीय भवन'' का तात्पर्य उस भवन से है जिसकी प्रत्येक इकाई उसमें रहने वाले व्यक्ति के अध्यासन में हो और उसमें ऐसे भवन भी हैं जिनमें आवासीय उपयोग का प्राविधान हो, किन्तु इसमें व्यावसायिक उद्देश्य से उपयोग के लिए होटल, लॉज या किसी अन्य प्रकार के भवन सम्मिलित न होंगे।

3. भवन या भूखण्ड का कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफल का विवरण :

(1) नगर आयुक्त समाचार पत्रों में एक सूचना प्रकाशित करके सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी से इन नियमावली में संलग्न प्रपत्र 'ख' में यथास्थिति आवासीय भवन या भूखण्ड के कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफल के सम्बन्ध में प्रत्येक चार वर्ष में एक विवरण कर निर्धारण के प्रयोजनार्थ उक्त सूचना में नियत दिनांक तक प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा।

(2) नगर आयुक्त, सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी की सुविधा के लिए प्रपत्र 'ख' में विवरण प्रस्तुत करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों के लिए विभिन्न स्थानों को नियत कर सकता है।

(3) जब किसी स्वामी द्वारा स्व-अध्यासित या खाली भवन को किराये पर दिया जाये या इसके विपरीत हो, तो ऐसा होने के साठ दिन के भीतर स्वामी के लिए प्रपत्र 'ख' में नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापरक होगा।

(4) जब किसी भवन में निर्माण या पुनर्निर्माण के फलस्वरूप आच्छादित क्षेत्रफल में 25 प्रतिशत या अधिक की वृद्धि हो जाती है तो निर्माण के समापन या अध्यासन के दिनांक से, साठ दिन के भीतर यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी के लिए प्रपत्र 'ख' में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापरक होगा।

4. सम्पत्तियों का वर्गीकरण :

(1) नगर आयुक्त अधिनियम की धारा 171 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आने वाली सम्पत्ति की अवस्थित का वार्ड वार वर्गीकरण करेगा और तत्पश्चात् प्रत्येक वार्ड के भीतर तीन विभिन्न प्रकार के मार्गों पर सम्पत्ति की स्थिति के आधार पर इसे वर्गीकृत किया जायेगा, अर्थात :

(क) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाला मार्ग;

(ख) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाला मार्ग;

(ग) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाला मार्ग;

(2) नगर आयुक्त अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आने वाले भवनों के निर्माण की प्रकृति का वर्गीकरण निम्नलिखित आधार पर करेगा—

(क) पक्का भवन आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित;

(ख) अन्य पक्का भवन; या

(ग) कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो कि खण्ड (क) और (ख) से आच्छादित नहीं है।

(3) नगर आयुक्त तद्नुसार वार्ड में नीचे दर्शाये गये अनुसार सभी भवनों को नौ विभिन्न समूह की अधिकतम संख्या में और सभी रिक्त भूखण्डों के मामलों में तीन विभिन्न समूह की अधिकतम संख्या में व्यवस्थित करेगा :—

(क) **भवन के मामले में निम्नलिखित नौ समूह होंगे :–**

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित पक्का भवन, आर.सी.सी. छत सहित।

(चार) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(पाँच) 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(छः) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(सात) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(आठ) 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(नौ) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(ख) **भूमि के मामले में निम्नलिखित तीन समूह होंगे :–**

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि

4-क न्यूनतम मासिक किराए की दर का निर्धारण :

नगर आयुक्त वार्ड के भीतर **प्रत्येक दो वर्ष में एक बार**, यथास्थिति, भवनों के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया के प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) न्यूनतम मासिक किराये की दर या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) लागू न्यूनतम मासिक किराये की दर निम्न को ध्यान में रखते हुए नियत करेगा–

(एक) भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल दर, और

(दो) ऐसे भवन या भूमि के लिए क्षेत्र मे वर्तमान किराये की न्यूनतम दर :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे मासिक किराये की दर नियत करने के पूर्व नगर आयुक्त ऐसी प्रस्तावित दरों को ऐसे नगर में परिचालन वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्तियाँ दाखिल करने के लिए न्यूनतम 15 दिन का समय देगा। प्राप्त आपत्तियों का बारह भिन्न–भिन्न बण्डलों की अधिकतम संख्या में समूह बनाने के पश्चात् ऐसी सभी आपत्तियों पर वार्डवार सुनवाई की जायेगी। प्रत्येक बण्डल में, यथास्थिति भवनों के एक समूह या भूमि के एक समूह के लिए प्राप्त आपत्तियाँ रहेंगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण स्वयं नगर आयुक्त द्वारा या नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा आपत्तिकर्त्ताओं की कुल संख्या के कम से कम दरा प्रतिशत व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् किया जायेगा। यह आवश्यक नहीं होगा कि सभी आपत्तिकर्त्ताओं को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जाय। आपत्तियों को बण्डलवार विनिश्चित किया जायेगा।

स्पष्टीकरण :

कारपेट एरिया के निर्धारण में निहित कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए, आच्छादित क्षेत्रफल के आधार पर दरें कारपेट एरिया आधारित दरों का 80 प्रतिशत होगी जिन्हें स्वकर निर्धारण के लिए माना जायेगा।

4-ख न्यूनतम मासिक किराये की दर का प्रकाशन :

खण्ड–4क के अधीन आपत्तियों के विनिश्चित किये जाने पर नगर आयुक्त ऐसे नगर में परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में, यथास्थिति, वार्ड के भीतर भवनों के प्रत्येक समूह के लिए, कारपेट एरिया के प्रतिवर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक दर या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल के प्रति वर्गफुट

पर किराये की प्रयोज्य न्यूनतम मासिक लागू दर को अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् यह अन्तिम हो जायेगी।

4-ग कर का निर्धारण :

कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा–

(1) **वार्षिक मूल्य की गणना**

वार्षिक मूल्य = कारपेट एरिया × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12 × 80%

(2) **देय कर** :–अधिनियम की धारा 148 के अधीन निर्धारित दरों के अनुसार वार्षिक मूल्य के आधार पर कर देय होंगे।

(3) **छूट :–अधिनियम में विहित उपबन्धों के अनुसार वार्षिक मूल्यांकन तथा देयकर में छूट अनुमन्य होगी।**

(4) **स्वनिर्धारण** :–आवासीय भवन के विषय में सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी व्यक्ति या अन्य दायी व्यक्ति नियम 4 और नियम 4–ग के अनुसार कर निर्धारित करते हुए और नियम 3 में अपेक्षित विवरणी के स्थान पर इस पर नियमावली के प्रपत्र–क में सम्पत्ति का विवरण अंकित करते हुए नगर आयुक्त द्वारा निर्धारित बैंक में नियम 3 (1) के अधीन निर्धारित दिनांक तक प्रपत्र 'क' और चालान के साथ कर जमा करेगा।

(5) **स्वकर निर्धारण में विशेष उपबन्ध** :–उननियम (4) के अधीन नियत दिनांक तक स्वनिर्धारण द्वारा सम्पत्ति करों के दायित्व का भुगतान पूर्व वर्ष के दायित्व की सीमा, जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर विहित की जाये, से अधिक नहीं होगी।

5. कर निर्धारण सूची :–

(1) सभी भवनों या भूखण्डों या दोनों के सम्बन्ध में कर निर्धारण सूची कर–गणना के पश्चात् निम्नलिखित आधार पर तैयार की जायेगी :–

(क) भूमि या भवन के स्वामी या अध्यासी द्वारा प्रपत्र क और ख पर प्रस्तुत किये गये विवरण के आधार पर,

या

(ख) नियत समय के भीतर प्रपत्र क या ख में सूचनायें न देने की स्थिति में नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एकत्र की गयी सूचनाओं के आधार पर,

(ग) कर निर्धारण सूची में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे :–

(एक) सड़क या मोहल्ले, जिसमें सम्पत्ति स्थित हो, का नाम;

(दो) नाम या संख्या या किसी अन्य विनिर्दिष्ट द्वारा, जो पहचान के लिए पर्याप्त हो, सम्पत्ति का अभिधान;

(तीन) स्वामी का नाम यह उल्लेख करते हुए कि स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है। यदि किराये पर है तो किरायेदार का नाम,

(चार) भवन या भूमि के समूह के लिए कारपेट एरिया आधारित तथा आच्छादित क्षेत्र आधिरित प्रति वर्गफुट किराया की न्यूनतम मासिक दर;

(पाँच) भवन का कारपेट एरिया अथवा आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि का क्षेत्रफल या दोनों;

(छः) (चार) भवन निर्माण का वर्ष;

(सात) भवन निर्माण की प्रकृति,

(2) **स्वकर निर्धारण के सम्बन्ध में सूची** :—ऐसे सभी आवासिक भवनों को, जिनके विषय में प्रपत्र क पर समय से स्वनिर्धारित कर जमा करा दिया गया हो, उपनियम (1) के अन्तर्गत तैयार की गयी सूची में प्रविष्ट तो किया जायेगा परन्तु नियम 5-क के प्राविधान ऐसे भवनों पर लागू नहीं होंगे।

प्रतिबन्ध यह है कि किसी शिकायत या जाँच के आधार पर यदि कोई विवरण सही नहीं पाया जाता है तो सूची में विशिष्ट विवरण एवं उसमें निर्धारित कर को पुनरीक्षित किया जायेगा तथा कारण बताओ नोटिस के पश्चात् शास्ति अधिरोपित की जायेगी।

5-क सूची का प्रकाशन एव आपत्तियों की प्राप्ति :—

(1) जब सम्पूर्ण नगर या उसके किसी भाग की कर निर्धारण सूची तैयार हो जाये तब नगर आयुक्त उस स्थान एवं समय के सम्बन्ध मे जहाँ उक्त सूची का निरीक्षण किया जा सकेगा, नगर मे परिचालन वाले दो समाचार-पत्रो में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करायेगा।

(2) भवन के कारपेट एरिया, आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल की गणना या अन्य प्रविष्टियों तथा छूट आदि के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त को सम्बोधित सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर लिखित रूप मे भेजी जायेगी। किराये की मासिक दरों के निर्धारण के सम्बन्ध मे किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

(3) नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी आपत्ति कर्त्ताओं को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर देते हुए आपत्तियों का निस्तारण करेगा।

6. करों का भुगतान :—

नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी नियम 4, 4-ग और 5 के अधीन निर्धारित सम्पत्ति कर के भुगतान हेतु स्वामी या अध्यासी को बिल भेजेगा जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, जब तक नगर आयुक्त द्वारा अधिसूचित बैंक या नगर निगम के कार्यालय में कर का भुगतान किया जायेगा। यदि नियत दिनांक तक कर की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान नही किया जाता है तो अधिनियम की धारा 221-क के अनुसार ब्याज देय होगा।

परन्तु यदि सम्पत्ति के सम्बन्ध में स्वकर निर्धारण किया गया है तो कर का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा निर्धारित तिथि तक किया जायेगा।

7. कर का स्वनिर्धारण :—

किसी आवासिक भवन के सम्बन्ध मे कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी अधिनियम के उपबन्धो के अनुसार सम्पत्ति कर को स्वतः अवधारित कर सकता है और उसके द्वारा इस प्रकार निर्धारित सम्पत्ति कर को स्वकर निर्धारण विवरण के साथ अधिसूचित बैंक में जमा कर सकता है।

8. शास्ति

(1) नगर आयुक्त यथास्थिति, भवन या भूमि के प्रस्तुत कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफलो के विवरण या स्वकर निर्धारण के विवरणो की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत विवरणों की यदा-कदा जांच करायेगा और भवन के कारपेट एरिया अथवा आच्छादित क्षेत्रफल के किसी भाग या भूमि के क्षेत्रफल के किसी भाग को छिपाने या दरों आदि का त्रुटिपूर्ण विवरण देने की दशा मे यथास्थिति स्वामी या अध्यासी को इस आशय का दो सप्ताह का कारण बताओ नोटिस जारी करेगा कि क्यों न क्षेत्रफल को छुपाने अथवा सम्पत्ति के त्रुटिपूर्ण विवरण से सम्पत्ति कर की देयता में होने वाले अन्तर के चार गुने से अनधिक की शास्ति अधिरोपित की जाये।

(2) यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी द्वारा दिये जाने वाले किसी स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात् और ऐसी जॉच, जैसी आवश्यक समझी जाये करने के पश्चात् नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी जो नोटिस के अनुसार देय शास्ति से अधिक न हो, अधिरोपित कर सकता है और सम्पत्ति कर की धनराशि के साथ उसे वसूल किये जाने का आदेश दे सकता है।

(3) नियम–3 के उपनियम (1) और (3) के अधीन नियत समय के भीतर अपेक्षित विवरण न प्रस्तुत किये जाने की दशा में नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी ऐसी शास्ति अधिरोपित कर सकेगा जो प्रश्नगत भूखण्ड के क्षेत्रफल, 50 वर्ग मी. तक, 200 वर्ग मी. तक, 400 वर्ग मी. तक तथा उससे अधिक होने पर क्रमशः रुपये 100.00, रुपये 1000.00, रुपये 5000.00 तथा रुपये 15000.00 हो सकती है परन्तु 30 दिन के विलम्ब की स्थिति में, शास्ति का 5 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के रूप मे जमा किया जायेगा।

नियत समय के भीतर विवरण प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में, नियम–5 के अधीन कर निर्धारण सूची तैयार करते समय नियम 4–क के अधीन प्रस्तावित आच्छादित क्षेत्रफल दर का उपयोग भी शास्ति के अतिरिक्त किया जायेगा।

(4) किसी व्यक्ति द्वारा नियम 3 के उपनियम (4) का उल्लंघन करने की दशा में, सम्पत्ति कर की दुगनी धनराशि अथवा प्रतिदिन रुपये 500 की दर से, जो भी कम हो, शास्ति का भुगतान करने का दायी होगा।

9. **शास्ति का प्रशमन :–**

नियम 8 के उपनियम (1), (3) और (4) के अधीन शास्तियो का प्रशमन नगर आयुक्त अथवा उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा शास्ति की अधिकतम धनराशि के एक तिहाई से अन्यून तथा आधे से अनाधिक धनराशि पर किया जा सकेगा।

(प्रपत्र ''क'' तथा ''ख'' पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं)

उत्तर प्रदेश सरकार

नगर विकास अनुभाग-9

संख्या–1463 / 9-9-2010-85ज / 2005 टी.सी.

लखनऊः दिनांक 27 दिसम्बर, 2013

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1959) की धारा 174, 207-क, 207-ख, 208, 209, 210, 211, 212, 213, 214, और 221-ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल उक्त अधिनियम की धारा 540 की उपधारा (2) के अधीन यथा अपेक्षित जारी सरकारी अधिसूचना संख्या 1231/9-9-2010-85ज/2009टी सी दिनांक 08 जून, 2010 के अनुसरण में प्राप्त आपत्तियाँ एवं सुझावों के विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर), नियमावली, 2000 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित निममावली बनाते हैं–

उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2013

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1. (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2013 कही जायेगी।

(2) यह उत्तर प्रदेश के समस्त नगर निगमों पर लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम–2 का संशोधन

(2) उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पति कर) नियमावली 2000, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में नियम–2 में खण्ड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड बढ़ा दिया जायेगा अर्थात्–

(घ–1) ''अनावासिक भवन'' का तात्पर्य ऐसे किसी भवन या स्थान या भवन या उसके भाग से है जो अनावासिक हो और जो उक्त अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन आच्छादित हो।

नियम–3

किसी भवन या भूखण्ड का कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्र का विवरण–

3-(1) नगर आयुक्त समाचार–पत्रों में एक सूचना प्रकाशित करके सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यत दायी स्वामी या अध्यासी से इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र ''ख'' और प्रपत्र ''घ'' में यथा स्थिति आवासीय भवन या भूखण्ड के कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्र और अनावासिक भवन के आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल के सम्बन्ध में प्रत्येक चार वर्ष में एक विवरण कर निर्धारण के प्रयोजनार्थ उक्त सूचना में नियत दिनांक तक प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा।

(2) नगर आयुक्त सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी की सुविधा के लिए प्रपत्र ''ख'' और ''घ'' में विवरण प्रस्तुत करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों के लिए विभिन्न स्थानों को नियत कर सकता है।

(3) जब कभी स्वामी द्वारा स्व–अध्यासित या खाली भवन को किराये पर दिया जाए या इसके विपरीत हो, तो ऐसा होने के साठ दिन के भीतर स्वामी के लिए प्रपत्र ''ख'' और ''घ'' में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।

(4) जब किसी भवन में निर्माण या पुनर्निर्माण के फलस्वरूप, आच्छादित क्षेत्रफल में 25 प्रतिशत या

अधिक की वृद्धि हो जाती है तो निर्माण के समापन या अध्यासन के दिनांक से, साठ दिन के भीतर यथास्थिति स्वामी या अध्यासी के लिए प्रपत्र ''ख'' और ''घ'' में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।

नियम–4

(4) सम्पत्ति का वर्गीकरण–

(1) नगर आयुक्त, अधिनियम की धारा 174 के उपबंधों के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्ति की अवस्थिति का वार्डवार वर्गीकरण करेगा और तत्पश्चात् प्रत्येक वार्ड के भीतर तीन विभिन्न प्रकार के मार्गो पर सम्पत्ति की स्थिति के आधार पर इसे वर्गीकृत किया जायेगा, अर्थात्

(क) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाला मार्ग,

(ख) 12 मीटर से 24 मीटर तक का चौड़ाई वाला मार्ग,

(ग) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाला मार्ग,

(2) नगर आयुक्त, अधिनियम की धारा 174 के उपबन्धों के अन्तर्गत आने वाले भवनों के निर्माण की प्रकृति का वर्गीकरण निम्नलिखित आधार पर करेगा–

(क) पक्का भवन आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित,

(ख) कोई अन्य पक्का, या

(ग) कच्चा भवन अर्थात्, समस्त अन्य भवन जो खण्ड (क) और (ख) से आच्छादित नही हैं।

(3) नगर आयुक्त तदनुसार वार्ड में नीचे दर्शाये गये अनुसार सभी भवनों को नौ विभिन्न समूहों की अधिकतम संख्या में और सभी रिक्त भूखण्डों के मामलों में तीन विभिन्न समूहों की अधिकतम संख्या में व्यवस्थित करेगा–

(क) भवन के मामले में निम्नलिखित नौ समूह होंगे–

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित पक्का भवन।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर.सी.सी छत या आर.बी. छत सहित पक्का भवन।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित पक्का भवन।

(चार) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(पॉच) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(छः) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(सात) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(आठ) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(नौ) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(ख) भूमि के मामलें में निम्नलिखित तीन समूह होंगे,

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

नियम-4-क

4-क–न्यूनतम मासिक किराये की दर का निर्धारण–

(1) नगर आयुक्त वार्ड के भीतर प्रत्येक दो वर्ष में एक बार यथास्थिति भवनों के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) न्यूनतम मासिक किराये की दर या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) लागू न्यूनतम मासिक किराये की दर की गणना करेगा और निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए आवासिक भवन के रूप में दर नियत करेगा–

(एक) भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल दर, और

(दो) ऐसे भवन या भूमि के लिए क्षेत्र में किराये की वर्तमान न्यूनतम दर–

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे मासिक किराये की दर नियत करने के पूर्व नगर आयुक्त ऐसी प्रस्तावित दरों को ऐसे नगर में परिचालन वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्तियाँ दाखिल करने के लिए न्यूनतम 15 दिन का समय देगा। प्राप्त आपत्तियों का बारह भिन्न–भिन्न बण्डलों की अधिकतम संख्या में समूह बनाने के पश्चात् ऐसी सभी आपत्तियों पर वार्डवार सुनवाई की जायेगी। प्रत्येक बण्डल में, यथास्थिति भवनों के एकसमूह या भूमि के एक समूह के लिए प्राप्त आपत्तियाँ रहेंगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण स्वयं नगर आयुक्त द्वारा या नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा आपत्तिकर्ताओं की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत व्यक्तियों की सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् किया जायेगा। यह आवश्यक नहीं होगा कि सभी आपत्तिकर्ताओं को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जाये। आपत्तियों का बण्डलवार विनिश्चय किया जायेगा।

स्पष्टीकरण–(1) कारपेट एरिया के निर्धारण में निहित कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए कारपेट एरिया की दरें आच्छादित एरिया आधारित दरों का 80 प्रतिशत होगी, जिन्हें स्वकर निर्धारण के लिए माना जायेगा।

(2) अनावासिक भवनों और भूमि की स्थिति में आच्छादित क्षेत्रफल और भूमि का प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराये की दर उप नियम (1) के अधीन नियत किराये की मासिक दर का गुणांक होगा, जैसा कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित है–

(अनुसूची अगले पृष्ठ पर है)

अनुसूची

श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की मासिक किराये की दर
1.	प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यक कॉम्पलेक्स, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान, बैंक कार्यालय, होटल, तीन स्टार तक के होटल, निजी होटल, कोचिंग, और प्रशिक्षण संस्थान (राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त को छोड़कर)	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का पाँच गुना
2.	प्रत्येक प्रकार के क्लीनिक, पालीक्लीनिक, डायग्नोस्टिक, केन्द्र, प्रयोगशालाएं, नर्सिंगहोम, चिकित्सालय, मेडिकल स्टोर और स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र आदि	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना
3.	क्रीड़ा केन्द्र यथा जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि और थियेटर तथा सिनेमागृह।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का दो गुना
4.	छात्रावास और शैक्षिणिक संस्थान, जो अधिनियम की धारा 177 के खण्ड (ग) के अधीन आच्छादित नहीं है।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर के समान
5.	पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिपो और गोदाम आदि	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना
6.	मॉल्स, चार सितारा और उससे ऊपर के होटल, पब्स, बार, वासगृह, जहाँ भोजन के साथ मदिरा भी परोसी जाती है।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का छः गुना
7.	सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप, विवाह क्लब और इसी प्रकार के भवन	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना
8.	औद्योगिक इकाइयाँ, सरकारी, अर्द्धसरकारी और सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना
9.	टावर और होर्डिंग वाले भवन, टी.वी.टावर, दूरसंचार टावर या कोई अन्य टावर जो भवन की सतह पर या शिखर पर या खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाते हैं।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का चार गुना
10.	अन्य प्रकार के अनावासिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणियों में उल्लिखित नहीं है।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना

नियम 4 ग

4-ग– कर निर्धारण–कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा–

(1) (क) (एक) **आवासिक भवन के वार्षिक मूल्य की गणना**–कारपेट एरिया × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12 × 80 प्रतिशत।

(दो) **आवासिक भूमि की वार्षिक मूल्य की गणना**–

भूमि का क्षेत्रफल × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया × 12

(ख) (एक) **अनावासिक भवनों की वार्षिक मूल्य की गणना**–

आच्छादित क्षेत्रफल × आवासिक भवन की दर के सम्बन्ध में गुणक के आधार पर नियत प्रति इकाई क्षेत्रफल की दर × 12

(दो) **अनावासिक भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना**–

भूमि का क्षेत्रफल × आवासिक भवन की दर के सम्बन्ध में गुणक के आधार पर नियत प्रति इकाई क्षेत्रफल की मासिक दर × 12

(2) संदेय कर–अधिनियम की धारा 148 के अधीन नियत दरों के अनुसार वार्षिक मूल्य के आधार पर कर संदेय होंगे।

(3) छूट–आवासिक भवनों के वार्षिक मूल्य में छूट अनुमन्य होगी और अधिनियम में विहित उपबन्धों के अनुसार कर संदेय होंगे।

(4) स्वनिर्धारण–भवन के विषय में सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी व्यक्ति या अन्य दायी व्यक्ति नियम 4 और नियम 4-ग के अनुसार कर निर्धारित करते हुए और नियम 3 में अपेक्षित विवरणी के स्थान पर इस नियमावली के यथास्थिति प्रपत्र 'क' या प्रपत्र 'ग' में सम्पत्ति का विवरण अंकित करते हुए नगर आयुक्त द्वारा निर्धारित बैंक में नियम 3 के उपनियम (1) के अधीन निर्धारित दिनांक तक यथास्थिति प्रपत्र 'क' या 'ग' और चालान के साथ कर जमा करेगा।

(5) स्वकर निर्धारण में विशेष उपबन्ध–उपनियम (4) के अधीन नियत दिनांक तक स्वनिर्धारण द्वारा सम्पत्ति करों के दायित्व का भुगतान पूर्व वर्ष के दायित्व की सीमा, जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर विहित की जाये, से अधिक नहीं होगी।

(6) प्रोत्साहन–अनावासिक भवनों के स्वामियों या अध्यासियों को यथास्थिति, भवन या भूमि के वार्षिक मूल्य में छूट प्रदान करते हुए निम्नलिखित रीति से प्रोत्साहन (इन्सेन्टिव) दिया जा सकेगा :

(क) ऐसे भवन, जिसमें वर्षा जल संचयन या भूगर्भ जल संभरण की प्रणाली संस्थित हो और प्रचलन में हो या कम से कम क्षेत्रफल का 40 प्रतिशत भाग वृक्षारोपण या हरियाली द्वारा आच्छादित हो या समुचित या पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध हो या व्यापार या विनिर्माण या ऐसे अन्य क्रियाकलापों में लगा हो जिससे प्रदूषण उत्पन्न होता हो परन्तु–प्रदूषणरोधी उपाय अपनाये गये हों, वार्षिक मूल्य में 2 प्रतिशत की छूट प्रदान करते हुए प्रत्येक को प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा :

परन्तु यह कि उपर्युक्त छूट इस खण्ड में उल्लिखित सुविधाओं और उपायों की विद्यमानता और उनके उचित रखरखाव का सत्यापन करते हुए वर्षानुवर्ष आधार पर प्रदान की जायेगी।

(ख) खण्ड (क) में यथा उल्लिखित ऐसे भवनों के वार्षिक मूल्य में 2 प्रतिशत तक की वृद्धि की जायेगी, यदि इस भवन में खण्ड (क) में उल्लिखित उपाय न उपलब्ध कराये गये हों।

नियम 5- कर निर्धारण सूची–

(1) सभी भवनों या भूखण्डों या दोनों के सम्बन्ध में कर निर्धारण सूची कर गणना के पश्चात् निम्नलिखित आधार पर तैयार की जायेगी–

(क) भवन और भूमि के स्वामी या अध्यासी द्वारा प्रपत्र 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' पर प्रस्तुत किये गये विवरण के आधार पर, या

(ख) नियत समय के भीतर प्रपत्र यथास्थिति 'क' या 'ख' या 'ग' या 'घ' में सूचनायें न देने की स्थिति में नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एकत्र की गयी सूचनाओं के आधार पर,

(ग) कर निर्धारण सूची मे निम्नलिखित समाविष्ट होंगे–

(एक) सड़क या मोहल्ले, जिसमें सम्पत्ति स्थित हो, का नाम,

(दो) नाम या संख्या या किसी अन्य विनिर्दिष्टि द्वारा जो पहचान के लिए पर्याप्त हो सम्पत्ति का अभिधान,

(तीन) स्वामी का नाम, यह उल्लेख करते हुए कि यह स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है यदि किराये पर है तो किरायेदार का नाम,

(चार) भवन या भूमि के समूह के लिए कारपेट एरिया आधारित तथा आच्छादित क्षेत्र आधारित प्रति वर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक दर,

(पाँच) भवन का कारपेट एरिया अथवा आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि का क्षेत्रफल या दोनों,

(छः) भवन निर्माण का वर्ष,

(सात) भवन निर्माण की प्रकृति,

(2) **स्वकर निर्धारण के सम्बन्ध में सूची**–ऐसे आवासिक भवनों को, जिनके विषय, में प्रपत्र 'क' पर और अनावासिक भवनों को, जिनके विषय में प्रपत्र 'ग' पर विहित अवधि के भीतर स्वनिर्धारित कर जमा करा दिया गया हो, उपनियम (1) के अन्तर्गत तैयार की गयी सूची में प्रविष्ट तो किया जायेगा परन्तु नियम–5-क के उपबन्ध ऐसे भवनों पर लागू नहीं होंगे।

प्रतिबन्ध यह है कि किसी शिकायत या जाँच के आधार पर यदि कोई विवरण सही नहीं पाया जाता है तो सूची में प्रविष्ट विवरण एवं उसमें निर्धारित कर को पुनरीक्षित किया जायेगा तथा कारण बताओ नोटिस के पश्चात् शास्ति अधिरोपित की जायेगी।

नियम–7 स्वकर निर्धारण–किसी भवन या भूमि या दोनों के सम्बन्ध में कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार सम्पत्ति कर को स्वतः अवधारित कर सकता है और उसके द्वारा इस प्रकार निर्धारित सम्पत्ति कर को स्वकर निर्धारण विवरण के साथ अधिसूचित बैंक में जमा कर सकता है।

नये प्रपत्र 'ग' और 'घ' का बढ़ाया जाना

9- उक्त नियमावली में प्रपत्र 'ख' के पश्चात् निम्नलिखित प्रपत्र बढ़ा दिये जायेंगे, अर्थात् :–

प्रपत्र 'ग' एवं प्रपत्र 'घ' (पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं)

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1463/IX-9-2013-85J-05T.C., dated December 27,2013 for general information:

No. 1463/IX-9-2013-85J-05T.C.,

Dated Lucknow, December 27, 2013

In exercise of the powers under section 174, 207-A, 208, 209, 210,211,212,213, 214 and 221-B of the Uttar Pradesh Municipal Corporation Act. 1959 (U.P. Act No. 2 of 1959), the Governor after considering the objections and suggestions received in pursuance of Government notification No. 1231/IX-9-2010-85J-2009T.C., dated June 08, 2010) issued as required under sub-section (2) of section 540 of the said Act is please to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) Rules, 2000.

THE UTTAR PRADESH MUNICIPAL CORPORATION (PROPERTY TAX)

(SECOND AMENDMENT) RULES, 2013

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) (Second Amendment) Rules, 2013 — Short title, application and commencement

(2) They shall be applicable to all the Municipal Corporations in Uttar Pradesh.

(3) They shall come into force with effect from the date of their publication in the *Gazette*. — Amendment of Rule-2

2. In the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) Rules 2000, hereinafter referred to as the said rules, in rule 2 *after* clause (d), the following clause shall be *inserted*, namely-

(d-1-) **"Non residential building"** means any building or space or land or house or part thereof which is not residential and which is covered under clause (1) of sub-section (a) of section 174 of the Act.

3. Statement of carpet and other area of a building or the plot of the land-

(1) The Municipal Commissioner shall publish in the newspapers a notice requiring the owners or occupiers primarily liable for payment of property taxes, to furnish every four years a statement, in Form 'B' and Form 'D' appended to these rules, in respect of the carpet and other area of a residential building, or the plot of the land and covered area of non residential building or area of land, as the case may be, by the date fixed in the said notice for the purpose of tax assessment.

(2) Municipal Commissioner may, for the convenience of the owner or occupier of the property, fix different places for different wards of the city for the submission of statement in Form 'B' and 'D'.

(3) Whenever owner occupied or vacant building is given on rent or *vice-versa*, then within sixty days of it, it shall be mandatory for the owner to submit a fresh statement in Form 'B' and 'D'.

(4) Whenever due to construction or reconstruction or any addition is done 25 per cent or more in the covered area of building or area of the land or both then within sixty days of completion or occupation, it shall be mandatory for the owner or occupier, as the case may be to submit a fresh statement in Form 'B' and Form 'D'.

4- Classification of Property-

(1) Municipal Commissioner shall classify the **location of property** falling within the provisions of section 174 of the Act, wardwise and thereafter within each ward, it shall be classified basing on the situation of property on **three different types of roads**, namely-

(a) Roads having a width of more than 24 metres,

(b) Roads having a width of 12 metres to 24 metres,

(c) Roads having a width less than 12 metres.

(2) Municipal Commissioner shall classify the **nature of construction** of buildings falling, within the provisions of section 174 of the Act, on the following basis-

(a) pakka building with R.C.C. roof or R.B. roof;

(b) anyother pakka building; or

(c) Kachcha building that is all other building not covered in clauses (a) and (b).

(3) Municipal Commissioner shall accordingly arrange all **buildings** in a ward in maximum number of **nine different groups** and in case of all vacant plots of land, in maximum number of three different groups as shown below-

(a) In case **of building**, the **nine groups** shall be as follows-

(i) pakka building with R.C.C. roof or R.B. roof situated on a road having a width of more than 24 metres,

(ii) pakka building with R.C.C. roof or R.B. roof situated on a road having a width of 12 metres to 24 metres,

(iii) pakka building with R.C.C. roof or R.B. roof situated on a road having a width less than 12 metres,

(iv) other pakka building situated on a road having a width of more than 24 metres,

(v) other pakka building situated on a road having a width of 12 meters to 24 metres,

(vi) other pakka building situated on a road having a width less than 12 metres,

(vii) kachcha building situated on a road having a width of more than 24 metres,

(viii) kachcha building situated on a road having a width of 12 metres to 24 metres,

(ix) kachcha building situated on a road having a width less than 12 metres.

(b) In case **of land**, the **three groups** will be as follows-

(i) Land situated on a road having a width of more than 24 metres,

(ii) Land situated on a road having a width of 12 metres to 24 metres,

(iii) Land situated on a road having a width less than 12 metres.

4-A Fixation of minimum monthly rate of rent-

(1) The Municipal Commissioner shall-once in every two years workout the minimum monthly rate of rent per unit area (square foot) of the carpet area for every group of building within a ward or the applicable minimum monthly rate of rent per unit area (square foot) of the area for every group of land as the case may be and fix the rate as residential building having regard to-

(i) the circle rate fixed by the Collector for purposes of the Indian Stamp Act, 1899; and

(ii) the current minimum rate of rent in the area for such building or land,

Provided that before fixing such monthly rate of rent, the Municipal Commissioner shall notify such proposed rates in two daily newspapers having circulation in such city and thereafter provide a minimum fifteen days time for filing objections by interested per-

sons. All such objections shall be heard wardwise after grouping the objections received in maximum number of 12 different bunches. Each bunch shall contain the objections received from one group of building or one group of land as the case may be. All objection shall be disposed of by the Municipal Commissioner himself or officer authorised by Municipal Commissioner in this behalf after giving the opportunity of being heard to at least ten per cent of the total number of objection. It shall not be necessary to hear personally all the objectors or the interested persons. The objections may be decided in bunches.

Explanation- (1) Keeping in view of difficulties in fixation of carpet areas, the rate of the carpet area would be 80% of covered area for purposes of self-assessment.

(2) In the case of non residential buildings and the land the monthly rate of rent per unit area of covered area and the land shall be multiple of the monthly rate of rent fixed under sub rule (1) as mentioned in the schedule below :-

SCHEDULE

Category	Details of Property	Rate of monthly rent of non residential building
1.	Every type of commercial complexes, shops and other establishments, banks,offices, hotels, hotels upto three stars, private hotels, coaching and training institutes (except state Government aided)	Five times of the rate fixed under sub rule (1)
2.	Every type of clinics, polyclinics, diagnostic centres laboratories, nursing homes, hospitals, medical stores, health care centres etc.	Three times of the rate fixed under sub rule (1)
3.	Sports centres as gym, physical health centres, etc. and theaters and cinema houses.	Two times of the rate fixed under sub rule (1)
4.	Hostels, educational institutes which are not covered under clause (c) of section 177 of the Act.	Same as fixed under sub rule (1)
5.	Petrol pumps, gas agencies depots and godowns etc.	Three times of the rate fixed under sub rule (1)
6.	Malls, Hotels of four stars and above, pubs, bars, lodging house where wine is served with food.	Six times of the rate fixed under sub rule (1)
7.	Community halls, kalyan mandaps, marriage houses, clubs and same types of buildings.	Three times of the rate fixed under sub rule (1)
8.	Industrial units, offices of Govt., Semi Government and public undertakings	Three times of the rate fixed under sub rule (1)
9.	Building having towers and hoarding, T.V. towers, telecom towers or any other tower which are installed either on the surface or on the top of the buildings or on the open space.	Four times of the rate fixed under sub rule (1)
10.	Other types of non residential houses which are not mentioned in above categories.	Three times of the rate fixed under sub rule (1)

4-C Tax Assessment– The assessment of tax shall be made on the basis mentioned here under-

(1) (a) (i) Calculation of Annual Value of **residential building**- Carpet area × fixed per unit area monthly rate of rent × 12 or
Covered area × fixed per unit area monthly rate of rent × 12 × 80%

(ii) Calculation of Annual Value of **residential land**-
Area of land × fixed per unit area monthly rate of rent × 12

(b) (i) Calculation of Annual Value of **non residential buildings**-
covered area × monthly rate of rent per unit area fixed on the basis of the multiplier in relation with the rate of residential building × 12

(ii) Calculation of Annual value of **non residential lands**-
Area of land × monthly rate of rent per unit area fixed on the basis of the multiplier in relation with the rate of residential building × 12

(2) **Payable tax-** Taxes would be payable in accordance with the rates fixed under Section 148 of the Act on the basis of annual value.

(3) **Rebates-** Rebates shall be admissible in annual value of residential buildings and taxes shall be payable in accordance with the provisions prescribed in the Act.

(4) **Self-Assessment-** The person who holds the primary liability of paying the property tax of building or other liable person shall deposit the tax fixing in accordance with the provisions of Rule 4 and Rule 4-C and giving the details of the property in Form 'A' or Form 'C', as the case may be, of the rules in place of returns required in Rule 3 in the Banks prescribed by Municipal Commissioner up to the date fixed under sub rule (1) of rule 3 with Form 'A' or Form 'C', as the case may be, and challan.

(5) **Special provisions in Self-Assessment-** The pay liability of property taxes by self-assessment up to the fixed date under sub-rule (4) shall not be more than previous year to the extent as may be prescribed by the Government from time to time.

(6) **Incentive-** Incentive to the owners or occupiers of non residential buildings may be provided by giving rebates in the annual value of the building or land as the case may be in the following manner;

(a) Building in which the system of rain water harvesting or ground water recharging is installed and operational provided or at least 40% of the area is covered by the plantation and greenery or proper and adequate parking lots are available or if engaged in trade or manufacture or any activity which causes pollution, but effective anti pollution measure have been adopted, shall be provided incentive to each by giving rebate of 2% in its annual value.

Provided that the above rebates shall be granted on year to year basis after verifying the existence and proper up keep of the facilities and measures mentioned under this clause,

(b) Annual value of such building as mentioned in Clause (a) shall be increased by 2% if this building does not provide measure mentioned in Clause (a).

5-Assessment list- (1) The assessment list in respect of all the buildings or the plots or both shall be prepared after calculating the tax on the basis of :-

(a) details submitted in Form 'A', Form 'B', Form 'C' and Form 'D' by the owners or occupiers of the buildings and the lands; or

(b) information collected by the Municipal Commissioner or any officer authorisd by him in this behalf where information in Form 'A' or Form 'B' or Form 'C' or Form 'D', as the case may be, are not submitted within the fixed time;

(c) The assessment list shall contain-

(i) Name of road mohallah in which property situates.

(ii) Desiganation of the property by name, by number or by any other specification sufficient for identification.

(iii) Name of the owner; whether it is owner-occupied or on rent. If on rent, the name of the tenant.

(iv) The carpet area base and covered area base, the minimum monthly rate of rent per square foot for the group of the building or land.

(v) Carpet area or covered area of the building or the area of the land or both.

(vi) Year of construction of building.

(vii) Nature of construction of the building.

2. **List regarding self-assessment-**The residential buildings for which self-assessed taxes with Form 'A' and the non residential building for which self assessed taxes with Form 'C' have been submitted within prescribed period shall be entered in assessment list prepared in sub-rule (1) but the provisions of Rule 5-A shall not be applicable on such building.

Provided that on the basis of any complaint or enquiry, if any detail is found incorrect, the details entered in the list and tax assessment therein shall be revised and penalty shall be imposed after show cause notice.

7. **Self-Assessment of tax-** The owner of occupier primarily liable for payment of tax in respect of a building or land or both may himself determine the property tax in accordance with the provisions of the Act and deposit the propery tax so assessed by him in the notified bank together with a statement of self-assessment.

9. In the said rule, after Form 'B' the following Forms shall be inserted :- Form 'C' and 'D' (for non residential buildings)

Nagar Nigam, Agra

Form 'C' (See rule-7)

Property Tax self assessment form in respect of Non-residential buildings

1. **Details of owner/occupier-**
   - (i) Name of owner/occupier.....
   - (ii) Father's/Husband's name of owner/occupier-
   - (iii) **Building/House/Plot No. and locational address :**
     House/Plot No. .....Name of Street.....
     Name of Mohalla.....Name of ward.....
   - (iv) Address of the residence of owner/ocupier (if different from above) .....
   - (v) Other details, if any.....
   - (vi) If a building or land is on rent, mention the name of the tenant.....
2. **Details of building or land-**
   - (i) Covered area of the building (In square foot).....
   - (ii) Area of open land or plot (In square foot).....
   - (iii) **Popular name of Non residential building :**
     Establishment/Office/Institute.....
3. **Details of location-**
   - (a) **Building or land is located-**
     - (i) On road having a width more than 24 metres ☐
     - (ii) On road having a width of 12 metres to 24 metres ☐
     - (iii) On road having a width less than 12 metres ☐
   - (b) **Nature of construction of building-**
     - (i) Pucca building with R.C.C. roof or R.B. roof ☐
     - (ii) Other pucca building, asbestos, fibre or tin shed ☐
     - (iii) Katcha Building i.e. all other buildings not covered in (i) and (ii) ☐

***Note-** Please tick (✓) in the box applicable.*

4. **Year of construction of building**.....
5. **Previous assessed Annual Value and years of the assessment**.....
6. **Calculation of Non residential Annual Value-**
   Usage/Description of Non Residential Building.... .....

(a) **Annual Value of building**

- (i) **Monthly rate of rent fixed for residential building by Municipal Commissioner** .....per sq. foots
- (ii) Multiplier in relation with the rate of residential building prescribed by rules based on usage of Non-residential building .....times
- (iii) Monthly rate of rent achieved for the Non residential building {(i)x(ii)} .....per sq. foots
- (iv) Covered area of building (Including all floors) .....sq. foo
- (v) Annual Value of building =monthly rate of rent x Covered area x 12 or {(iii)x(iv)x12} .....
  or Annual Value of building= (i) x(ii) x (iv) x 12

(b) **Annual Value of land**

- (i) **Monthly rate or rent fixed for residential land by Municipal Commissioner** .....per sq. foot
- (ii) Multiplier in relation with the rate of residential building prescribed by rules based on usage of land .....time

(iii) Monthly rate of rent achieved for the land {(i) × (ii)} .....per sq. foots
(iv) Area of land .....sq. foot
(v) Annual Value of land = Monthly rate of rent × Covered area × 12 or {(iii) × (iv) × 12)} .....

(c) Total Annual Value = Annual value of building+Annual value of land or a (v) +b(v).....

(d) Incentive (Rule 4 - C(6)

For rebate of 2% in annual Value of the Non-residential building provide following information-

(i) In building whether the system of rain water harvesting or ground water recharging is installed and operational. (Yes/No)
